भारत सरकार
रेल मंत्रालय

लोक सभा
29.03.2023 के
अतारांकित प्रश्न सं. 4801 का उत्तर

मुंबई शहरी परिवहन परियोजना

4801. श्री राजन बाबूराव विचारे:

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या मुम्बई रेलवे विकास निगम (एमआरवीसी) ने पश्चिम रेलवे जोन के अंतर्गत पांचवीं और छठी लाइन के निर्माण के लिए मुम्बई शहरी परिवहन परियोजना (एमयूटीपी) 3ए परियोजना को मंजूरी दे दी है;

(ख) यदि हां, तो बोरीवली रेलवे स्टेशन की तर्ज पर डेक स्तर पर विकसित किए जाने के लिए कौन-कौन से आठ स्टेशनों के नाम प्रस्तावित हैं; और

(ग) आवश्यक पर्यावरणीय मंजूरी प्राप्त करने के बाद उक्त परियोजना को कब तक शुरू किए जाने की संभावना है और उक्त परियोजना को पूरा करने की समय-सीमा क्या है?

उत्तर

रेल, संचार एवं इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री
(श्री अश्विनी वैष्णव)

(क) से (ग): विवरण सभा पटल पर रख दिया गया है।

******

मुंबई शहरी परिवहन परियोजना के संबंध में 29.03.2023 को लोक सभा में श्री राजन बाबूराव विचारे के अतारांकित प्रश्न सं. 4801 के भाग (क) से (ग) के उत्तर से संबंधित विवरण।

(क): बोरीवली-विरार (26 किलोमीटर) के बीच पांचवी और छठवीं लाइनों के कार्य को एमयूटीपी 3ए के अंतर्गत मार्च, 2019 में आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडल समिति द्वारा अनुमोदित किया गया था।

(ख): बोरीवली-विरार पांचवी और छठवीं लाइनों के बीच बोरीवली और विरार रेलवे स्टेशन सहित आठ स्टेशन हैं। इस खंड में आठ स्टेशनों में से, चार स्टेशनों अर्थात् मीरा रोड, भाईंदर, नालासोपारा और वसई रोड को बोरीवली रेलवे स्टेशन के अनुरुप डेक स्तर पर विकास किए जाने का प्रस्ताव किया गया है। साथ ही , पश्चिम रेलवे उपनगरीय खंड के 4 और स्टेशन अर्थात् कांदीवली, मुंबई सेंट्रल, खार रोड और सांताक्रूज को भी डेक स्तर पर विकसित किया जाएगा।

(ग): एमयूटीपी 3ए के लिए वानिकी स्वीकृति सहित प्राथमिक कार्य शुरू किए गए हैं। किसी भी रेल परियोजना(ओं) का समय पर पूरा होना राज्य सरकार द्वारा शीघ्र भूमि अधिग्रहण , वन विभाग के पदाधिकारियों द्वारा वन संबंधी मंजूरी , बाधक जनोपयोगी सेवाओं की शिफ्टिंग , विभिन्न प्राधिकरणों से सांविधिक स्वीकृतियां, क्षेत्र की भौगोलिक और स्थलाकृतिक परिस्थितियों, परियोजना स्थल के क्षेत्र में कानून एवं व्यवस्था की स्थिति , परियोजना(ओं) विशेष के स्थल के लिए किसी वर्ष में कार्य के महीनों की संख्या इत्यादि पर निर्भर करता है । ये सभी कारक परियोजना(ओं) के समापन समय को प्रभावित करते हैं। उपर्युक्तै बाधाओं के साथ रेलवे परियोजनाओं को शीघ्र निष्पादन करने के लिए सभी प्रयास कर रही है।

****